प्रेस नोट
दिनांक - 06.04.2026
जनपद गोण्डा

मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा बालगृह (बालिका) पोर्टरगंज का किया गया निरीक्षण, बालिकाओं को किया गया जागरूक-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद गोण्डा में महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनंद कुमार राय द्वारा बालगृह (बालिका) पोर्टरगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय द्वारा बालगृह में रह रही बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के महत्व के बारे में बताते हुए विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181 आदि की विस्तृत जानकारी दी तथा इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को आत्मविश्वास बढ़ाने, किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच संबंधित हेल्पलाइन अथवा पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा के महत्व एवं सुरक्षित वातावरण में जीवन यापन के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर उपनिरीक्षक प्रतिभा सिंह प्रभारी बाल सुरक्षा संगठन जनपद गोण्डा, श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव (अधिक्षिका, बालगृह), श्रीमती प्रियांशी तिवारी (अध्यापिका, बालगृह) तथा महिला आरक्षी रागिनी मिश्रा (कार्यालय 1090) उपस्थित रहीं। पुलिस विभाग द्वारा इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम निरंतर चलाए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक 06.04.2026

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा चलाये गए विशेष अभियान के तहत 36 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित व गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लंबित गैर-जमानती वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।
उक्त अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीमों का गठन कर कार्यवाही की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा कुल 36 गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना-वार गिरफ्तारी का विवरण निम्नानुसार है- थाना को0 नगर पुलिस ने 04, थाना को0 देहात पुलिस ने 07, थाना को0 कर्नलगंज पुलिस ने 10, थाना इटियाथोक पुलिस ने 05, थाना खरगूपुर पुलिस ने 03, थाना मोतीगंज पुलिस ने 01, थाना नवाबगंज पुलिस ने 02, थाना परसपुर पुलिस ने 01, थाना उमरी बेगमगंज पुलिस ने 01, थाना कौड़िया पुलिस ने 01 एवं थाना छपिया पुलिस ने 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

मीडिया सेल, गोण्डा।